आकाशवाणी शिमला

28.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

राष्ट्रपति अभिभाषण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी–राम–जी कानून लागू किया गया है। बजट सत्र के पहले दिन आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि नए कानून के अंतर्गत गांव में एक सौ 25 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है।

राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने भारतीय सेना की वीरता और पराक्रम को देखा है। उन्होंने कहा कि देश ने अपने संसाधनों का उपयोग करते हुए आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा प्रणालियों को और मजबूत करने के लिए मिशन सुदर्शन चक्र जारी है। उन्होंने कहा कि 2025 में भारत का रक्षा उत्पादन 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

शोक

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार का आज सुबह बारामती में हुए विमान हादसे में निधन हो गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अजीत पवार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि अजीत पवार का असामयिक निधन न केवल महाराष्ट्र के लोगों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अजीत पवार एक अनुभवी राजनेता थे और उन्होंने महाराष्ट्र के विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया जिससे सदैव याद रखा जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी अजीत पवार के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बिलासपुर जिला में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष कौशल प्रशिक्षण अभियान चलाया जाएगा। बिलासपुर में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्माणी ने कहा कि इस अभियान के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खनन से प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों, महिलाओं और किशोरियों के लिए विशेष कार्यक्रम चलाएं जाएंगे, जिनके माध्यम से पोषण सहायता, स्वास्थ्य जांच व कौशल प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

नाबार्ड सेमिनार

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और विकास में राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड का अतुलनीय योगदान है। वे आज शिमला में नाबार्ड के स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। संजय गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यस्था के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और नाबार्ड के सहयोग से इस दिशा में बेहतरीन कदम उठाए जाएंगे।

इस अवसर पर नाबार्ड के चीफ जनरल मेनेजर विवेक पठानिया ने बताया कि वित्त वर्ष 2026–27 के लिए प्रदेश में नाबार्ड की ओर से 45 हजार 8 सौ 9 करोड़ 93 लाख रूपए की ऋण क्षमता रखी गई है।

मौसम

प्रदेश के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बीते 24 घंटो के दौरान हुई ताजा बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में वर्षा से समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में हैं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में बताया कि भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 8 सौ 18 सड़कें यातायात के लिए बंद है। इसके अलावा चार हजार 8 सौ बिजली ट्रांसफार्मर ठप्प होने से कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति भी बाधित है। जगत सिंह नेगी ने बताया कि प्रशासन द्वारा सड़कों और विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए कार्य युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बर्फबारी व वर्षा से प्रदेश के किसानों और बागवानों को विशेष लाभ मिलेगा। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के उच्च व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बर्फबारी व बारिश की संभावना जताई है।